हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

13 सरकार की बुनियाद टिकी है झूठ पर: किरण चौधरी


14 चलो गांव अभियान के तहत विधायक ने सुनीं...


## खबर संक्षेप

### बाबा खुबीनाथ धाम में मेला व भंडारा 23 को

**भिवानी।** गांव मित्ताथल के बाबा खुबीनाथ धाम में हर वर्ष की भांति माघ माह की चुतर्थ दशी पर्व पर 23 फरवरी को विशाल मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मेले व भंडारे का शुभारंभ महंत बाबा भगवान गिरी, बाबा खुबीनाथ महाराज व बाबा चमनगिरी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके करेंगे। महंत बाबा भगवान गिरी ने बताया कि मेले व भंडारे में साधु संत, समस्त ग्रामीण व आसपास के क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे तथा बाबा खुबीनाथ महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### प्लांट पर मिलेगा 70 लाख तक अनुदान

**चरखी दादरी।** फसल अवशेष प्रबंधन को कमाई का साधन बनाया जा सकता है। सरकार की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी देने का प्रावधान भी किया गया है। धान की फसल के अवशेष से गोले बनाने का प्लांट लगाने के लिए सरकार की ओर से 70 लाख तक का अनुदान दिया जाता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि तकनीक के इस युग में अब फसल अवशेष परेशानी ना होकर फायदे का सौदा बनते जा रहे हैं और बहुत से किसान व लोग अब फसलों के अवशेष से लाखों रुपये भी कमा रहे हैं।

### ट्राले ने बाइक सवार युवक को कुचला

**चरखी दादरी।** शहर के लोहारू चौक पर ट्राले ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गांव चरखी निवासी धर्मेंद्र चाय की दुकान चलाता था। वीरवार को वह बाइक पर किसी काम से जा रहा था, जब वह लोहारू चौक पर पहुंचा तो ट्राला ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही धर्मेंद्र रोड पर जा गिरा और ट्राला उसे कुचलता हुआ गुजर गया।

# बजट से कोई आहत तो किसी को मिली राहत किसी ने सराहा तो किसी ने बताया गरीब विरोधी

## आयुष्मान भारत योजना का कवर सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं तक बढ़ाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया, केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत करने वाला है। केंद्रीय बजट हर वर्ग के विकास को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का रोडमैप तैयार करता है। दूसरी तरफ कर्मचारियों को टैक्स व आठवें वेतन आयोग का गठन न करने से निराशा हाथ लगी। वहीं किसानों के लिए भी कोई राहत भरा पैकेज व 300 यूनिट तक बिजली के बिलों में छूट जारी न करने से इस वर्ग को भी निराशा ही हाथ लगी। बेरोजगारी व महंगाई की कोई बात नहीं की गई, युवाओं के रोजगार की कोई बात नहीं की गई तथा ना ही व्यापारियों के लिए कोई राहत दी गई है, जो कि बेहद निराशाजनक बजट साबित हुआ।

बजट में देश की जनता को राहत देने वाला कदम है। पिछले 10 सालों में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से मुक्ति दिलाने में सहायता की है। बजट अनुसार पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे, मुफ्त बिजली पैदा करने के लिए 1 करोड़ घरों को छत पर सौर इकाइयों से सुसज्जित किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना का कवर सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं तक बढ़ाया जाएगा। 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर के टीके उपलब्ध कराए जाएंगे।

### टैक्स छूट का दायरा बढ़ाना अच्छा कदम



नगर व्यापार मंडल के प्रधान भानु प्रकाश ने अंतरिम बजट पर कहा चुनावी साल में अंतरिम बजट से व्यापारियों को बहुत सी उम्मीदें थी उन्होंने कहा टैक्स प्रोसेसिंग अवधि 93 दिन से घटाकर 10 दिन किया इससे व्यापारी समय से अपना रिफंड हासिल कर सकेगा। भारतीय कारोबारियों को केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के मजबूत क्रियान्वयन की उम्मीद है। एमएसएमएस के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता देने का स्वागत करते हैं। स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट का दायरा बढ़ाना भी युवाओं को उद्योग लगाने की दिशा में अच्छा कदम हैं। व्यापारी टैक्स में भी छूठ की उम्मीद लगाए बैठा था न ही उद्योगों के लिए किसी प्रकार की सुविधा की घोषणा की गई। औसत टैक्स कलेक्शन दोगुना होने के बाद भी व्यापारियों को टैक्स में कोई छूट नहीं दी।

### सर्वजन कल्याणकारी व आम जनहितैषी



जब बजट की बात आती है, तो वेतनभोगी वर्ग को केवल आयकर में छूट का इंतजार रहता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए नई और पुरानी दोनों आयकर व्यवस्थाओं के लिए टैक्स स्लैब दरों को अपरिवर्तित रखा। केन्द्र की मोदी सरकार के अंतरिम बजट 2024 पर प्रतिक्रिया करते हुए भाजपा नेता जगदीश जांगड़ा झांवरी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को विकसित भारत का ऐतिहासिक एवं जनहितैषी बजट बताया। जगदीश जांगड़ा ने कहा कि इस बजट से आम जनमानस विशेषकर गरीब किसानए युवाए महिला आदि को सीधे रूप से फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है,जिससे सभी लोगों को लाभ होगा।

### केवल चुनावी बजट साबित हुआ



केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा वीरवार को पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि यह बजट केवल चुनावी बजट साबित हुआ है। इसमें किसान, मजदूर, खिलाड़ी, व्यापारी हर वर्ग की अनदेखी हुइ है। उन्होंने कहा कि इस बजट में आंकड़ों को तोड़.मरोड़ कर पेश किया गया है। जिसमें किसानों के लिए ना तो कोई विशेष राहत नहीं दी गई तथा ना ही खिलाड़ियों, व्यापारियों, किसानों व मजदूरों के लिए राहत दी गई है। खेलों के लिए भी को विशेष प्रावधान नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट गरीब विरोधी है। कमल प्रधान ने कहा कि इस बजट में किसानों की एमएसपी की बात नहीं की गई, बेरोजगारी व महंगाई की कोई बात नहीं की गई।

### सरकार ने कर्मचारियो को निराश किया



कर्मचारी नेता जयबीर नाफरिया ने कहा कि बजट में सरकार ने कर्मचारियो को निराश किया हैं। बजट में कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा होने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने आठवें वेतन आयोग का गठन नहीं किया और कर्मचारियो को निराश करने का काम किया, क्योंकि देशभर के सभी विभागों के कर्मचारी आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हर बार बजट में सरकार कर्मचारी वर्ग की अनदेखी करती हैं और राहत देने की बजाय परेशान किया जाता है। इसके साथ ही टैक्स में किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी गई, जिससे कर्मचारियों में निराशा व रोष हैं।

### विकसित भारत के संकल्प को करेगा मजबूत



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत करने वाला है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार ने केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट हर वर्ग के विकास को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का रोडमैप तैयार करता है। मीना परमार ने केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि जब से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से हर बजट में आम जनता को राहत दी गई है।

### भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024.25 के लिए मोदी सरकार का दूसरा अंतरिम बजट पेश कर दियाए अपने भाषण में निर्मला सीतारमण जी ने सरकार की विभिन्न पहलों, योजनाओं, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण और पर्यटन सहित अन्य चीजों के बारे में बात की। वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया और उनका पूरा जोर इंफ्रास्ट्रक्चर और सोशल फेयर स्कीम्स पर रहा। केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। उन्होंने कहा कि आज का अंतरिम बजट समावेशी होने के साथ.साथ नवोन्वेषी भी है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। उन्होंने कहा, ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभों. युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा।



- 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर के टीके उपलब्ध कराए जाएंगे।
- पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 2 करोड़ और घर बनाए जाएंगे

### बजट में किसान, मजदूर व व्यापारियों को नहीं दी राहत: डॉ. सांगवान

चरखी दादरी

वीरवार को वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में किसान, मजदूर, व्यापारियों सहित आम जनता को कोई राहत नहीं दी गई। यह बजट केवल आंकड़ों की खानापूर्ति है। यह बात कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीष सांगवान ने प्रेस बयान में कही। डॉ. सांगवान ने कहा कि सरकार के अंतिम बजट से जरूरतमंद परिवारों को काफी उम्मीदें थी, मगर वित्तमंत्री



- बजट में पुराने आंकड़ों को ही दोहराया गया, किसानों को खाद व बीज के दाम सस्ते होने की उम्मीद थी

द्वारा प्रस्तुत बजट में किसी भी वर्ग को फायदा नहीं दिया गया। बजट में पुराने आंकड़ों को ही दोहराया गया, किसानों को खाद व बीज के दाम सस्ते होने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं दी गई और न मजदूर वर्ग के लिए कुछ प्रावधान किया गया। अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने आयकर दाताओं को कोई राहत नहीं दी। अपने बजट भाषण में उन्होंने साफ कहा कि टैक्स स्लैब और टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया है। इसका मतलब है कि आप जिस रेट पर टैक्स दे रहे हैं, उसी दर पर आपको इनकम टैक्स देना होगा।

### माईकलां के समीप ट्रक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**बाढ़ड़ा।** गांव माईकलां के समीप वीरवार को एक ट्रक ने पैदल जा रहे 39 वर्षीय व्यक्ति संजय को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव माईकलां निवासी कर्णवीर ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई संजय खेतीबाड़ी करता था। वीरवार को वह और उसका छोटा भाई संजय पैदल खेत जा रहे थे। उसी दौरान नौरंगाबास-माई रोड पर शहीद सतीश के स्मारक स्थल के समीप पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक आया जिसे चालक लापरवाही से चलाता आ रहा था। वह तो ट्रक को देखकर एकदम से खेतों की ओर उतर गया, लेकिन ट्रक ने उसके 39 वर्षीय भाई संजय को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम के लिए चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंचाया। बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया व मृतक संजय के भाई कर्णवीर के बयान के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



फाइल फोटो

### खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक, बाल भवन में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बाल भवन के खिलाड़ियों ने 27 व 28 जनवरी को कुरुक्षेत्र में हुई राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतकर भिवानी का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों का बाल भवन परिसर में पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद अध्यक्ष एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन बाल भवन द्वारा ताइक्वांडो की ट्रेनिंग दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग की कड़ी मेहनत से खिलाड़ियों ने पदक जीते है।

#### प्रीति ने स्वर्ण पदक

उन्होंने बताया कि सब जूनियर कैटेगरी में वंशिका ने स्वर्ण, राघव ने रजत पदक, कैडेट कैटेगरी में माफी रानी ने स्वर्ण, आदर्श ने रजत, वाणी वंश ने कांस्य पदक, जूनियर कैटेगरी में उत्कार्षा ने स्वर्ण, मुस्कान व नीरज ने रजत पदक व सीनियर कैटेगरी में प्रीति ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।



जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि बाल भवन की ताइक्वांडो क्लास से पहले भी प्रीति व अन्य खिलाड़ियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयन हो चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कुमारी तृप्ति, संदीप कुमार, जिला ताइक्वांडो संघ सचिव कुलदीप सिंह मौजूद थे।



### कानूनगो एवं पटवारियों की हड़ताल से लोग परेशान, दफ्तरों पर लटके रहे ताले

**चरखी दादरी।** पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की हड़ताल व धरना 30वें दिन वीरवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान कुलबीर सांगवान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ये गुंगी-बहरी सरकार अभी तक हमारी मांगों के प्रति नहीं जागी है तथा हमारे सांकेतिक धरने को पूरा एक माह बीत चुका है। जिसके कारण किसानों के काम बंद पड़े है और विद्यार्थियों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र अटके हुए है, लेकिन सरकार ने आज तक भी अपने जारी किए हुए नोटिफिकेशन को सही तरीके से लागू नहीं किया जो कि एक शर्म की बात है। वहीं सरकार ने दो फरवरी को फिर से बातचीत करने का निमंत्रण दिया है, लेकिन एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जिला प्रधान ने कहा कि रोहतक में चल रहे धरने को नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने समर्थन दिया तथा वादा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन होते ही पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की जायज मांगों को पहली कलम से पूरा करेगी।

### शिविर में 21 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

माडल दादरी जिला बनाओ संगठन एवं आरपीएस अस्पताल गांव खरक द्वारा महान सम्राट राजा भोज की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एम्स बाढ़सा के सौजन्य से कैसर मरीजों के लिए ये आयोजन किया गया। संगठन की सामाजिक मुहिम के तहत 764वां रक्तदान शिविर है। एम्स बाढ़सा की टीम ने डॉक्टर दीप्ती रंजन राउत की अगुवाई में रक्त एकत्रित किया। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाए व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त का एकत्रित किया गया।

शिविर में बतौर मुख्यतिथि डॉ. बृजपाल पप्पू व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की। मुख्यतिथि डॉ. बृजपाल व रक्तवीर डुडेजा ने कहा कि कई बार मरीज के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से रक्त लेने



की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसी स्थिति में रक्त की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, जिससे कि जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकें।

#### ये रहे मौजूद

संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल, बलवान साहू ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. साहिल, विपिन कुमार, प्रियंका,वीरपाल खरकिया, रतिपाल ठेकेदार, केशव, देवेंद्र सिंह, रमेश कुमार व दीपक भट्ट आदि उपस्थित थे।

### दूसरे दिन आसमान से बरसी राहत,बढ़ेगी फसलों की पैदावार

## तेज हवा से दिनभर छूटती रही लोगों की कंपकपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार अल सुबह आसमान से जमकर पानी बरसा। हालांकि सुबह सवेरे बारिश के साथ तेज हवा से लोगों की कंपकपी छूटती रही,लेकिन दिन में हवा रूकने के बाद मौसम में गर्माहट महसूस की जाने लगी। उसके बाद शाम तक चटक धूप खिली। अच्छी बारिश से रबी फसलों में बहुत ज्यादा फायदा होगा। चूंकि हलकी बारिश से भी फसलों में फुटाव बढ़ेगा। दूसरी तरफ बारिश के बाद चार डिग्री सेल्सियस पारा लूढ़क गया।

गुरुवार तड़के लोग सो कर उठे भी नहीं थे कि आसमान में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ करीब आधे घंटे तक पानी बरसता रहा। बारिश के साथ तेज हवा चली तो अगेती सरसों की फसल जमीन पर बिछने लगी,लेकिन बारिश से अगेती व पछेती सरसों की फसल में जबरदस्त फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त रबी फसलों को सिंचाई की बेहद सख्त जरूरत थी। फिलहाल गेहूं व सरसों की फसलों को सिंचाई की जरूरत थी। इस वक्त इन फसलों में फुटाव बन रहा है। बारिश से फुटाव जल्दी बढ़ेगा और फसलों की औसतन पैदावार में बढ़ौतरी होगी। दूसरे दिन भी आसमान से किसानों के लिए राहत की बारिश हुई है। दूसरी तरफ बारिश के बाद दोपहर तक धीमी गति से चल रही हवा की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। शहर व कस्बों में जगह.जगह लोग अलाव के पास बैठे नजर आए। बाद में सूर्यदेव के दर्शन हुए तो लोगों को राहत मिली।



#### जलभराव की समस्या से बढ़ी परेशानी

दूसरी तरफ हलकी बारिश के बाद भी कई जगहों पर कच्ची गलियों में किचड़ जमा हो गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दूसरे दिन भी सैक्टर.13 के बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था पटरी से उतरी रही। गुरुवार को भी पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं बन पाने से सड़कों पर बारिश का पानी जमा रहा। कभी उस तरफ तो कभी दूसरी तरफ पानी बहता नजर आया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां पर वर्षा के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने से जगह.जगह पानी भर जाता है, जिसके बाद यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यह सब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा बरती गई लापरवाही का नतीजा है।

### 31 वर्षों की सेवा उपरांत कला अध्यापक नरसिंह सेवानिवृत्त



**भिवानी।** वीरवार को अध्यापक नरसिंह की सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

**भिवानी।** विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक ऐसा महत्वपूर्ण इंसान होता है, जो अपने ज्ञान, धैर्य, प्यार एवं देखभाल से उसके पूरे जीवन को मजबूत आकार देता है। शिक्षक के पास बहुत सारे गुण होते हैं और वो अपने विद्यार्थी के जीवन को सफल बनाने में पूरी तरह से दक्ष होता है।

ये बात गांव चांग स्थित राजकीय वमा विद्यालय की संस्कृत प्रवक्ता सुभ्रद्रा कुमारी ने कला अध्यापक नरसिंह की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में मंच संचालन करते हुए कही। उन्होंने बताया कि कला अध्यापक नरसिंह 31 वर्षो की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए है तथा इन वर्षो के दौरान इनका कार्यकाल अत्यंत सराहनीय एवं निष्ठापूर्ण रहा। प्रवक्ता सुभ्रद्रा ने कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्या इंदु शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के दौरान शिक्षक रचनात्मकता का इस्तेमाल विद्यार्थियों की एकाग्रता बनाने के लिए करता हैं। नरसिंह के पढ़ाने की यह कार्यशैली विद्यार्थियों को भाती थी।



एडवाइस / शिखर चंद जैन

कुछ बच्चे एग्जाम के दिनों में बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। वे एग्जाम प्रिपरेशन को लेकर घबराए रहते हैं। अगर तुम्हारे साथ भी ऐसा है तो हम तुम्हें एग्जाम की प्रिपरेशन के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। इन्हें अमल में लाकर तुम जब प्रिपरेशन करोगे, तुम्हें कोई स्ट्रेस नहीं होगा, तुम बहुत आसानी से अपने एग्जाम की प्रिपरेशन कर सकोगे।



# जब ऐसे करोगे प्रिपरेशन नहीं रहेगी एग्जाम की टेंशन

बच्चों, एनुअल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। शायद तुम्हें घबराहट हो रही होगी। लेकिन जब तुम कुछ बातों को ध्यान में रखोगे, डिसिप्लिन के साथ अपना डेली रूटीन अपनाओगे तो तुम्हें कोई टेंशन नहीं होगी। जानो, एग्जाम की सही ढंग से प्रिपरेशन कैसे हो?

**रोज का बनाओ टाइम टेबल:** बच्चों, आज का काम कल पर टालना और तैयारी का सारा बोझ अंतिम समय पर डालना, ये दोनों बहुत बड़ी




गलतियां हैं। ऐसा कभी मत करो। अभी से रोज सुबह, दोपहर और शाम का टाइम टेबल बनाकर अपने सभी विषयों की पढ़ाई करो। जिस विषय में तुम कमजोर हो, उसे ज्यादा समय दो। इसी तरह जिनमें ठीक-ठाक तैयारी हो, उन्हें थोड़ा-सा कम समय देने से भी काम चलेगा। रोज पढ़ाई करने से फायदा यह होगा कि तुम्हें अपना सिलेबस बोझ नहीं लगेगा। तुम्हारे पास जब पर्याप्त समय रहेगा तो तुम सभी विषयों की तैयारी अच्छी कर सकोगे।

**सभी पाठ्य सामग्री साथ रखकर पढ़ाई करो:** हड़बड़ी में हमेशा गड़बड़ी होती है। इसलिए तुम्हें पूरी तरह व्यवस्थित, शांत और संयत रहना चाहिए। अपने पढ़ने की एक जगह फिक्स कर लो। जब भी पढ़ने बैठो, विषय से संबंधित सारी किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रेफरेंस बुक्स आदि साथ में लेकर बैठो ताकि तुम्हें बार-बार उठना ना पड़े। बार-बार बीच में किताबें या कॉपियां ढूंढ़ने से पढ़ाई का तारतम्य और एकाग्रता टूटती है। साथ ही समय नष्ट होता है। ऐसे में कई बार पढ़ने का मन भी नहीं करता है।

**लिखकर याद करो:** कई बार किसी टॉपिक को पढ़ने के बाद हमें यही लगता है कि वो हमें याद हो गया, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। सिर्फ पढ़ लेने से विषय को लंबे समय तक याद रखना संभव नहीं है। बेहतर यही होगा कि जो तुम पढ़ते हो, उसे एक-दो दिन बाद अपनी कॉपी में लिखने की आदत डालो। इससे तीन फायदे हैं। पहला फायदा, सब्जेक्ट का रिवीजन हो जाएगा। दूसरा फायदा, तुम्हारे अलग नोट्स तैयार हो



जाएंगे, जो किताबी भाषा से अलग होंगे। तीसरा फायदा, पढ़ते समय तुम सब्जेक्ट को रटने की बजाय समझने की कोशिश करो, क्योंकि तुम्हें एग्जाम में लिखना होगा।

**स्टिकी नोट्स की भी हेल्प लो:** कुछ ऐसे सब्जेक्ट और इनसे जुड़ी बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे बार-बार भूल जाते हैं। जैसे किसी के लिए इतिहास में लिखे महत्वपूर्ण साल और तारीखें याद करना मुश्किल हो जाता है, तो किसी के लिए भूगोल में भौगोलिक स्थानों की ऊंचाई वगैरह, जबकि कुछ विद्यार्थियों के लिए मैथ के फार्मूले याद करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्टिकी नोट्स बनाकर अपनी स्टडी टेबल की सामने वाली दीवार या बेडरूम के साइड की दीवार पर एक जगह चिपका दो। दिन में कई बार इन पर नजर पड़ेगी, तो तुम्हें इन्हें याद रखने में आसानी रहेगी।

**पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस करो:** कई बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरे क्वेश्चन पेपर के उत्तर मालूम होते हैं, लेकिन एग्जाम हॉल में उत्तर लिखते समय कुछ सवालों पर ज्यादा समय दे देते हैं। इससे कुछ प्रश्नों के उत्तर आते हुए भी छूट जाते हैं। ऐसे में एग्जाम हॉल में टाइम मैनेजमेंट के लिए घर पर ही पूरी तैयारी करो। अपने सामने घड़ी रखकर पिछले साल के पेपर सॉल्व करो। इससे तुम्हारी प्रैक्टिस हो जाएगी और लिखने की गति को समय के साथ मिलान करने की आदत भी पड़ जाएगी। *

### कॉमिक स्ट्रिप भी एक अच्छा ऑप्शन



अगर तुम क्रिएटिव नेचर के हो, अकसर अपनी पेंसिल से ड्रॉइंग वगैरह करते रहते हो, तो अपनी इस कला का इस्तेमाल एग्जाम की तैयारी में कर सकते हो। तुमने दिनभर में जो-जो पढ़ा है, शाम को उसकी मुख्य बातों को कॉमिक स्ट्रिप की तरह बनाओ। इससे रिवीजन होने के साथ-साथ तुम्हें मुख्य बिंदु याद रहेंगे। इनका इस्तेमाल तुम एग्जाम हॉल में जाने से पूर्व अंतिम समय में उत्तर याद करने के लिए कर सकते हो। *

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

# सर्दी में भी हरा-भरा क्यों रहता है देवदार का पेड़

बच्चों, तुमने पाइन यानी देवदार का पेड़ देखा होगा। यह पेड़ गर्मी के दिनों में ही नहीं, सर्दी के मौसम में भी हरा-भरा रहता है। सर्दी में जहां दूसरे पेड़ों की पत्तियां पीली होकर गिर जाती हैं, वहीं देवदार के पेड़ की पत्तियां हरी-भरी ही रहती हैं। ऐसा क्यों होता है, तुम जानना चाहोगे। बच्चों, यह जानने के लिए पहले तुम्हें पेड़ों में पत्तियों की भूमिका को समझना होगा। पेड़ों पर पत्तों के अनेक काम होते हैं। इनमें से पहला काम है, पेड़ों के लिए भोजन बनाना। पत्ते हवा से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते हैं, जबकि मिट्टी से पानी और खनिज। पत्तों की क्लोरोफिल सूरज से ऊर्जा लेती है, फिर कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को शुगर में बदल देती है। पत्तों में जो शुगर बनती है, वह पेड़ का बुनियादी फूड होती है।

बच्चों, पत्ते तो बहुत अधिक पानी लेते हैं। लेकिन पानी का बहुत छोटा हिस्सा ही फूड बनाने के काम में आता है। पत्तों की सतह पर जो लाखों छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, उनमें से अधिकतर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। जाड़ों में पेड़ों को जमीन से मिलने वाली वाटर सप्लाई बहुत कम हो जाती है। इसलिए इस सीजन में अधिकांश पेड़ अपने पत्ते गिराकर खुद को



'लॉक अप' कर लेते हैं ताकि पत्तों के जरिए वह अपना पानी ना खोएं।

बच्चों, कुछ पेड़ों में अलग प्रकार की पत्तियां होती हैं। इनमें देवदार भी शामिल है। इसकी पतली और सुईं जैसी पत्तियां होती हैं, जिन पर मोटी मोम जैसी परत होती है। इसलिए देवदार के पेड़ पर पत्तियां अनेक वर्षों तक लगी रहती हैं। जब इसकी पत्तियां गिरती हैं तो कुछ समय में ही नई पत्तियां निकल आती हैं। इस तरह देवदार पेड़ की शाखें कभी भी बिना पत्तों के नहीं होती हैं। *

## बूझो तो जानें



1
सर्दी में वह तन को भाए,
खूब मजे से हमें सुलाए।
र और जाई से मिलकर बनती
बोलो वो क्या कहलाए।।

2
हल्की सर्दी में तन को भाए,
यात्रा में भी काम यह आए।
लो और ई में छिपा है राज,
जल्दी बताओ बच्चों मेरा नाम।।

3
आधी बांह का, पूरी का भी,
तन पर पहनें सब सर्दी में।
बच्चे हों, जवान या बूढ़े,
मिलता यह अनेक रंगों में।।

4
सब कपड़ों के ऊपर पहनें,
सर्दी के मौसम में आता काम।
वकील मुझे हर ऋतु में पहनें,
बोलो क्या है मेरा नाम।।



-राकेश चक्र

उत्तर: 1-रजाई, 2-लोई, 3-स्वेटर, 4-कोट

## जीके क्विज-90

1. हाल में किस फिल्म एक्ट्रेस को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
2. एक घंटे में पृथ्वी कितने देशांतर घूमती है?
3. भारत का सबसे लंबे हाईवे का क्या नंबर है?
4. सबसे बड़ा अंडा किस पक्षी का होता है?
5. दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?
6. वर्ल्ड हिप्पो-डे कब मनाया जाता है?
7. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
8. हाल में किसने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
9. भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है?
10. टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-90 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-89 का उत्तर :** 1-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, 2-बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, 3-इरविन एंफीथिएटर (अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम), 4-दो वर्ष 11 माह 18 दिन, 5-सन् 1999, 6-परमवीर चक्र, 7-23 जनवरी, 8-चंडीगढ़, 9-पंजाब, 10-केरल

**जीके क्विज-89 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, चेतन-बालोद, गौरव-रोहतक, सुरेश-बिलासपुर, कविता-भोपाल, मंजू-दिल्ली, नरेंद्र-रायपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर-** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित-** मैडम, मैं नहीं जानता।
**टीचर-**बिल्कुल सही जवाब।
रोहित मन ही मन बहुत खुश हुआ। **-मुकेश, भोपाल**

**गोलू-** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**गप्पा-** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, रायपुर**

**सोनू-** पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा-** चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनू-** लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
**-खुशी, महेंद्रगढ़**



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को लगता था कि देवी मां से प्रार्थना करने से उसे परीक्षा में अच्छे अंक मिल जाएंगे। एक रात उसे देवी मां ने सपने में दर्शन दिए और बताया कि वास्तव में असली पूजा और प्रार्थना क्या है? जीवन में सफलता सिर्फ पूजा करके नहीं पाई जा सकती। देवी मां ने यह भी बताया सफलता कैसे पाई जा सकती है?

# असली पूजा



आभास अपनी दादी मां के साथ नियमित मंदिर जाया करता है। मंदिर उसके घर के पास ही है। आभास सुबह-सुबह नहा लेता है। दादी मां के साथ मंदिर जाता है। इसके बाद वह स्कूल जाता है।

एक दिन आभास ने दादी मां से पूछा, 'हम मंदिर क्यों जाते हैं?'

'बेटा, मंदिर जाकर हम पूजा और प्रार्थना करते हैं कि देवी मां आप हमारे पढ़ाई, स्वस्थ रहने के प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद दें।' दादी ने बताया। आभास को अब यही लगने लगा कि मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करने से देवी मां उससे प्रसन्न होकर सफलता का आशीर्वाद देंगी, उसे परीक्षा में ज्यादा अंक मिलेंगे। आभास की मम्मी एक स्कूल में अध्यापिका थीं। वह उसे अकसर ही समझातीं, 'बेटा, मंदिर जाकर देवी मां से प्रार्थना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।'

आभास मम्मी की बात सुनकर थोड़ा दुविधा में रहता। परीक्षा से कुछ दिन पहले आभास अपनी दादी मां, मम्मी-पापा और छोटी बहन अनुभूति के साथ देवी मां की पूजा करने मंदिर गया।

मंदिर परिसर में बहुत लंबी लाइन लगी हुई है। उसने देखा उसके सहपाठी भी अपने मम्मी-पापा के साथ आए हुए हैं। अपना नंबर आने पर देवी मां की प्रतिमा के सामने आकर उसने हाथ जोड़कर, आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना की, 'देवी मां, आप अपना आशीर्वाद दें कि परीक्षा में मुझे अच्छे अंक मिलें।'

रात को आभास की मम्मी ने स्वादिष्ट पकवान बनाए। सभी ने साथ बैठकर खाया। सोते समय आभास के दिमाग में कहीं यह बात थी कि वह बचपन से अपनी दादी के साथ देवी मां के मंदिर जा रहा है। जरूर वह उससे प्रसन्न होकर परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद देंगी।

यह क्या! रात में उसके सामने मुस्कुराती देवी मां प्रकट हुईं और बोलीं, 'बेटा, तुम बचपन से मंदिर में आकर मेरी पूजा करते रहे हो। उससे मैं बहुत प्रसन्न हूं। तुम्हें पढ़ाई में सफलता और हमेशा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद देती हूं। लेकिन इन दोनों के लिए तुम्हें स्वयं भी कोशिश करनी होगी। जीवन में मेहनत बहुत जरूरी है, क्योंकि तुम्हारा निरंतर मेहनत करना ही मेरी असली पूजा है। तुम एक विद्यार्थी हो, मेहनत और लगन से पढ़ना ही तुम्हारा पहला कर्तव्य है। तुम्हें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। मन लगाकर खूब पढ़ना चाहिए, साथ में व्यायाम भी करना चाहिए। मैं तुम्हारी मेहनत और लगन को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करूंगी और हमेशा सफलता का आशीर्वाद देती रहूंगी।'

सुबह जब एकाएक आभास की आंखें खुलीं तो समझ में आ गया कि सपने में देवी मां ने उसे दर्शन दिए हैं। उसने अपना सपना दादी मां और मम्मी को बताया। दादी मां भी बोलीं, 'बेटा, भगवान उसकी सहायता करते हैं, जो अपनी सहायता आप करते हैं। देवी मां ने तुम्हें मेहनत करने की प्रेरणा और आशीर्वाद दिया है, क्योंकि मेहनत ही असली पूजा है।'

आभास के मन में अब कोई दुविधा नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि मेहनत ही असली पूजा है। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

## धूप सुहानी



धूप सुहानी आई भैया,
राहत कितनी लाई भैया।
सुबह-सवेरे सर्दी में नित,
सबके मन को भाई भैया।
रवि की बेटी बड़ी सयानी,
बन किरणें धरती पर आती।
छू कर इसका सुनहरा रूप,
शबनम पल में छू हो जाती।
चुपके-चुपके मिल कलियों से,
खिलना उनको है सिखलाती।
उड़ते पंछी नील गगन में,
हौले-हौले उनसे बतियाती।
देख फसल क्यारी-क्यारी में,
मंद-मंद नित ये मुस्काती।
फेरे दिन भर लगा धरा के,
देख-देख सबको इठलाती।
ज्यों बढ़ती जाए शीत लहर,
ये कितनी इतराई भैया।
डाल-डाल, पात-पात पर नित,
दे रंगत खूब दिखाई भैया।

अजब-गजब / अंजू जैन

## आधे कटे संतरे जैसी आकृति वाली बिल्डिंग




बच्चों, तुम्हें संतरा फल जरूर भाता होगा। अगर तुम्हें संतरे के आकार वाली बिल्डिंग दिख जाए तो जरूर चौंकोगे। संतरे के आकार वाली ऐसी बिल्डिंग यूएस के फ्लोरिडा राज्य के किसिम्मी शहर में स्थित है। यह बिल्डिंग आधे कटे संतरे के आकार जैसी दिखती है। इस बिल्डिंग का नाम ऑरेंज वर्ल्ड है। यह एक दुकान की बिल्डिंग है, जिसमें संतरे के स्वाद वाली टॉफियां, चॉकलेट्स, जेली, जूस, संतरे के आकार वाले गिफ्ट आइटम और स्मृति चिन्ह भी बिकते हैं। ऑरेंज वर्ल्ड बिल्डिंग को दूर से देखने पर ऐसा लगता है, जैसे जमीन पर आधा कटा संतरा रखा हो। *

## रंग भरो-143

**रंग भरो-143** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**गरिमा, भिलाई**



भावना, बिलासपुर



साक्षी, भिवानी



अमरीन, रायपुर



प्रभात, बिलासपुर



अकृत, झज्जर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

होशिका-बालोद, अवनी-रायपुर, सौम्या-दुर्ग, पूनम-बिलासपुर, पीयूष-भिलाई, पलक-धमतरी, लक्ष्य-रायपुर, रौनक-जांजगीर-चांपा, भावना-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, अमित-बिलासपुर, दिनेश-दिल्ली, यश-भोपाल, राकेश-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर

## रंग भरो 144



बच्चों, यहां पर एग्जाम की तैयारी से जुड़ा एक चित्र दिया गया है, जिसमें दो बच्चियां साथ में स्टडी कर रही हैं। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में पढ़ाई से जुड़े 11 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।



उत्तर: 1-pencil, 2-notebook, 3-textbook, 4-highlighter, 5-scissors, 6-triangle, 7-globe, 8-compass, 9-backpack, 10-paintbrush, 11-ruler

## खबर संक्षेप

### निबंध प्रतियोगिता में दीपिका रही अव्वल



**बहल।** जल बचाओ अभियान के तहत जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुरपुरा कलां में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य रक्षा के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण को लेकर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वीरवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने की।

### पटवारियों व कानूनगो का धरना-प्रदर्शन जारी

**भिवानी।** लघु सचिवालय के सामने पटवारियों व कानूनगो का धरना प्रदर्शन लगातार तीसवें दिन भी सुबह दस से शाम पांच बजे तक जारी रहा। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला उपप्रधान विकास राठी ने बताया कि दो फरवरी को रिवेन्यू विभाग के सेक्रेटरी एस नारायण के साथ पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता होगी। बैठक में पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक में शामिल होंगे। मंच संचालन तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा पटवारी ने किया।

### बिल नहीं भरने वालों के कटेंगे कनेक्शन : मोर



**भिवानी।** बीटीएम चौक स्थित बिजली विभाग के उपमंडल कार्यालय में गुरुवार को अधिकारियों व कर्मचारियों की एक मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग के दौरान कार्यकारी अभियंता कुलदीप मोर ने उपमंडल अधिकारी रजनीश तिवारी को निर्देश दिए कि जिस भी उपभोक्ता का बिजली बिल पांच हजार या इससे अधिक और 6 माह का बिल बकाया हो, उन सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाए। उसके बाद जल्द ही उपभोक्ताओं का बिजली चोरी का केस भी बनाया जाएगा, ताकि बिजली निगम को होने वाले नुकसान से उबारा जा सकें।

### जेसीआई का 22वां स्थापना समारोह कल

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी तीन फरवरी को अपना 22वां स्थापना समारोह-बढ़ते कदम-2024 मनाने जा रहा है। इस दौरान पीएसटी-प्रधान, सेक्रेटी व कोषाध्यक्ष सहित एलबीजी एवं नए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। जेसीज सुशील बुवानीवाला ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह तीन फरवरी को शाम 7 बजे शायराना बैंक्वेट हॉल क्राउन प्लाजा में होगा। न्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में जेसी सुशील बुवानीवाला, जेसी पंकज गोयल, जेसी सचिन सिंगला व जेसी जतिन मित्तल सहित जेसीआई भिवानी के सम्मानित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### गोकलपुरा-सुरपुरा कलां में बनेगा अस्पताल: मंत्री

**बहल।** प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान व पशुपालकों के हित में अनेक विकास योजनाओं को क्रियांवित कर रही है। योजना के तहत पशुपालकों को सुविधा देने के लिए नए अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। गोकलपुरा, सुरपुरा कलां व मंढ़ाण गांव में राजकीय पशु चिकित्सालय की स्थापना के लिए मंजूरी दी गई है जबकि फरटिया केहर, सोरड़ा कदीम, सैनीवास, सिरसी, खरखड़ी, सेरला व रूपाणा गांव में पशु औषधालय बनाए जाने की मंजूरी मिली है। प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने व पशुपालकों को उनके घर द्वार के नजदीकी ही पशु चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

## भाजपा शासनकाल में हुए एक भी घोटाले की नहीं हुई जांच : सैलेजा

# सरकार की बुनियाद टिकी है झूठ पर: किरण चौधरी

### भाजपा शासनकाल में चरम पर पहुंची महंगाई व अन्य समस्याओं से आमजन परेशान : रणदीप सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी सोच को घर.घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई जनसंदेश यात्रा गुरुवार को सुबह कैरू तथा दोपहर को तोशाम पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री किरण चौधरी, राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के नेतृत्व में पहुंची जनसंदेश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जनसंदेश यात्रा के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

इस दौरान तोशाम की अनाज मंडी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की बुनियाद पूरी तरह से झूठ पर टिकी हुई है। ऐसे में हर हरियाणवी को उनके झूठ से अवगत करवाने के लिए लिए कांग्रेस द्वारा जनसंदेश यात्रा शुरू की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वायदा किया था,जो कि पूरी तरह से जुमला साबित हुआए क्योंकि आज हरियाणा का युवा रोजगार की तलाश में दर.दर भटक रहा है, लेकिन योग्य होने के बावजूद भी उसे रोजगार नहीं सिर्फ धक्के ही मिल रहे है। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में घोटाले दर घोटाले सामने आते रहे, लेकिन एक बार भी जांच अपने नतीजे तक नहीं पहुंची।



**तोशाम।** आयोजित यात्रा के दौरान नेताओं का स्वागत करते समर्थक।

#### भ्रष्टाचार विरोधी होने का किया जा रहा दावा

उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रश्न.पत्र लीक, प्रमाणपत्र घोटाला, शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, चावल घोटाला, राशन घोटाला समेत दर्जनों घोटाले प्रकाश में आए, लेकिन किसी आरोपी को सजा नहीं हुई। इन्हें दबा दिया गया। इसके बावजूद भी भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी होने का दावा किया जा रहा है। इसी दोगले चेहरे को बेनकाब करने के लिए कांग्रेस द्वारा जनसंदेश यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि तोशाम से विधायक किरण चौधरी बिजली की तरह गरजती हैं और आमजन के कार्य करवाने में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि तोशाम की जनता किरण चौधरी को तो हर बार जीतती ही रही है बल्कि अबकी बार श्रुति चौधरी को भी अवश्य जिताएं। इस दौरान उपस्थित लोगों से रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आगामी लोकसभा चुनाव में श्रुति चौधरी को भारी बहुमत से जीताने की अपील की।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, शमशेर सिंह गोगी विधायक, सुभाष बत्रा, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, शीशराम चेयरमैन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सिंगला,सुनील दहिया डाडम, मनदीप कांटिया, पंडित रामकिशन मीरानिया,सुनील शास्त्री, बीडीसी वाइस चेयरमैन सुनील आदि मौजूद रहे।

## शर्मा युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह आदि का जताया आभार

युवाओं के हकों की लड़ाई में अग्रणी रहने वाले दादरी जिले के गांव रामपुरा निवासी विकास शर्मा को युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह, दिव्यांशु बुधिराजा, दीपेंद्र हुड्डा,श्रीनिवास तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान सहित पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। सांगवान ने बताया कि विकास शर्मा युवाओं की लड़ाई लड़ने व उनको जागरुक करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। युवाओं के प्रति काम करने की रूचि व पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए ही उनका नाम उपर भेजा गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया। उनकी नियुक्ति से जिला के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। वे युवाओं को उनके अधिकार दिलाने व उनकी आवाज को उठाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।

### क्षेत्रिय महासभा के युवा प्रधान एवं अधिवक्ता की दादी का निधन

**भिवानी।** जिले के गांव खारिवास में क्षेत्रिय महासभा के युवा प्रधान एवं अधिवक्ता पवन शेखावत की दादी राजवाई (87) का निधन हो गया। अनेक सामाजिक संगठन एवं राजनेताओं ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने कहा कि राजवाई सामाजिक धार्मिक प्रवृति की महिला थी, वे हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेती थी, उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है।

#### इन्होंने जताया शोक

शोक जताने वालों में सरपंच सुंदरपाल कैरू, सरपंच अशोक सुंगरपुर, शीशराम चेयरमैन, सुनील चौहान, रामौतार खोरड़ा, अधिवक्ता संजय श्योराण, संदीप खरकिया, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र लेघां, सतेंद्र खोरड़ा, अमित प्रधान, प्रवीन शर्मा प्राचार्य, रमेश तंवर, अमित हेतमपुरा, प्रीतम आदि मौजूद थे।

## भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी : दीपेश सारसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

- भाजपा ने बेरोजगारी, अपराध व भ्रष्टाचार में हरियाणा को बनाया नंबर वन
- सैकड़ों लोगों का जत्था जनसंदेश यात्रा में हुआ शामिल

वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेश सारसर ने कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है। चुनाव में लोग को जाति व धर्म के नाम पर बांटकर वोट हथियाना इनका काम है। इनका विकास व लोगों के हितों से कोई लेना.देना नहीं है। वे वीरवार को भिवानी पहुंची कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा में शामिल होने के लिए कस्बा बवानीखेड़ा से रवाना हुए जत्थे को संबोधित कर रहे थे।

बता दे कि प्रदेश भर में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जनसंदेश यात्रा वीरवार को भिवानी पहुंची। इस दौरान इस यात्रा में शामिल होने के लिए कस्बा बवानीखेड़ा से सैंकड़ों की संख्या में लोग वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेश सारसर के नेतृत्व में भिवानी पहुंचे। इस मौके पर दीपेश सारसर ने कहा कि आज प्रदेश का युवा वर्ग रोजगार के लिए दर.दर की ठोकरें खा रहा है। भाजपा ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर हैए जिसके चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। भाजपा सरकार लोगों के हितों की तरफ ध्यान देने की बजाए सिर्फ जाति व धर्म के नाम वोट मांगने के लिए हर बार कोई ना कोई नोटंकी करती आई है, पर इस बार उनकी किसी प्रकार की नोटंकी नहीं चलने वाली है, क्योंकि लोग सब समझ चुके है। इस अवसर पर वजीर चंद, मामन शर्मा, संजय सनसनवाल, रवि, बहादुर, सोमबीर चौहान, साहिल, गोविंदा,सुरेंद्र, अनिल घणघस,दया किशन, सोमबीर, अमृत, मदन, टिंकू रांगी, रामधारी यादव आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को तकनीक की जानकारी दी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तकनीकी जानकारी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या संतोष भाकर ने शिरकत की। इंचार्ज महेन्द्र अत्रीए सत्यवान यादव आदि ने बच्चों को बताया कि आज का युग तकनीकी युग है।

इस युग में कोई भी अपराधी बच नहीं सकता। इस डिजीटल युग में आंखों की पुतलियों से लेकर हाथों की फिंगर आदि से उसी समय इंसान पकड़ में आ जाता है। डिजीटल युग में आज किसी को रूपयों को जेब में रखने की जरूरत नहीं होती ऑनलाइन पेंमेट से सब कैशलेस हो गया है।

## प्रदेशभर में समान रूप से किया जा रहा बिजली वितरण कार्य: चौटाला



**भिवानी।** सांसद धर्मबीर सिंह के पिता स्वर्गीय भल्लेराम के निधन पर बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों शोक व्यक्त किया। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा माता-पिता का परिवार पर हमेशा आशीर्वाद बना रहता है, भले ही वह हमारे बीच में नहीं होते हैं, लेकिन उनकी आत्मा हमारे साथ रहती है। उन्होंने कहा कि भलेराम परिवार में कोई कमी नहीं छोड़ कर गए, अपने पूरे परिवार को कामयाब बनाकर गए हैं। उन्होंने सांसद धर्मबीर सिंह सहित पूरे परिवार को ढांढस बंधाया। मंत्री चौटाला ने कहा कि पूरे प्रदेश में समान रूप से हमारी सरकार काम कर रही है और आखिरी छोर तक बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रोफेसर छत्रपाल सिंह, रजत गौतम, हाउसिंग बोर्ड हरियाणा चेयरमैन संदीप जोशी, कमलेश सैनी, चेयरमेन नगर परिषद नारनौल, ओमप्रकाश बड़वा पूर्व विधायक, रामकिशन नीरपुर, विद्यानंद लांबा सहित अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## योजनाओं का लाभ उठाएं: डीसी

- असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी मिलेगा योजनाओं का लाभ
- श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की सुविधा के लिए शुरू किए गए ई-श्रम पोर्टल को जिला में मजबूती से लागू किया जा रहा है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए बनाया गया है। असंगठित श्रमिकों को इस पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करके सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की पहल है। असंगठित श्रमिकों की परेशानियों को दूर करने के लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सके। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा।

#### श्रम पोर्टल पर कौन-कौन कर सकते हैं पंजीकरण

डीसी ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे व सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईंट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआरजीए श्रमिक, आशा वर्कर्स, दूध देने वाले किसान, प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

### बारिश में बिजली की रही आंख-मिचौली

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में पिछले कई दिनों से बिजली आंख मिचौली का खेल खेल रही है या यूं कहें कि शीतकालीन सीजन में तारों के आपसी भिड़ंत के कारण दिक्कत आ जाती है जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बावासियों की मानें तो विभाग द्वारा ट्री.कटिंग की बात कहकर घंटों बिजली के कट लगाए जाते हैं लेकिन इस मौसम में किस प्रकार के कट लगते हैं बताया नहीं जा सकता। वहीं दूसरी और कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि पीछे से फाल्ट आने के चलते बिजली बाधित हुई। वहीं बुधवार रात को बिजली कट के बाद वीरवार दोपहर 12 बजे बिजली के दर्शन हुए। वहीं उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि फाल्ट के चलते बिजली सप्लाई बाधित रही।

## विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के प्रति किया जागरूक




**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्षेत्र में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की टीम द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता अभियान की शुरूवात श्रीलाल बहादुर शास्त्री वमा विद्यालय से की गई, जिसके तहत ब्रह्मकुमारी की टीम ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताया कि बुराइयां और अच्छाइयां हम अपने मित्रों व सगे संबंधियों से ही सीखते हैं, जो मित्र हमें बुराइयां सीखाते हैं, सही मायनों में हमारे सबसे बड़े दुश्मन होते हैं। उन्होंने नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशा मुक्ति के नारे लगवाए। मेरा भारत नशा मुक्त भारत, मेरा समाज नशा मुक्त समाज व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलवाई। ब्रह्मकुमारी की टीम से आई रेनू व मीनू बहन ने विद्यार्थियों को आत्मा का अर्थ समझाकर निजी जीवन में इसके स्वरूप से अवगत करवाया। प्राचार्य संजय बामल ने ब्रह्माकुमारी टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम सभी आत्मा को शक्तिशाली समझें, समाज से अच्छी आदतें सीखें अपने अंदर मजबूत इरादों को जन्म दें।

## 95 हजार बुजुर्गों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



- जिले में कुल एक लाख 58 हजार 836 पेंशन लाभपात्र

प्रदेश सरकार के पेंशन बढ़ोतरी के निर्णय से जिले के 95 हजार 232 बुजुर्गों को फायदा होगा और बढ़ी हुई पेंशन से उनकी जेब भारी होगी। इसके अलावा दिव्यांगजन, विधवा, लाडली पेंशन, विदुर व बौना पेंशन लाभार्थियों को भी बढ़ी हुई पेंशन का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के माध्यम से बुजुर्गों, दिव्यांगों, लड़कियों-लाडली पेंशन, विधवा, विदुर, बौनों एवं आश्रितों को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहरलाल की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की बैठक में पेंशन राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया, जिसका सीधा लाभ पेंशन पात्रों को मिलेगा। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि जिले में कुल एक लाख 58 हजार 836 पेंशन लाभपात्र हैं, इनमें 95 हजार 232 वृद्धावस्था पेंशन धारक हैं। इसके अलावा 8945 दिव्यांगजन, 41 हजार 231 विधवा पेंशन, 1526 लाडली, चार बौना तथा 717 विदुर व अविवाहित श्रेणी के पेंशन धारक है, जो 2750 रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये पेंशन पाएंगे।

वहीं स्कूल नहीं जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता 2150 से बढ़ाकर 2400 रुपये की गई है, जिनकी संख्या जिले में 444 है। इसी प्रकार से निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता 1850 से बढ़ाकर 2100 रुपये की गई है, इस श्रेणी में जिले में 10 हजार 737 बच्चे पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार समाज कल्याण के माध्यम से लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा एवं निराश्रित महिला को पेंशन, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, बौनों को भत्ता, किन्नरों को भत्ता, स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता, विधुर एवं अविवाहित व्यक्तियों को पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## दादरी की जनआक्रोश रैली होगी ऐतिहासिक: धनखड़



**चरखीदादरी।** कार्यकताअरं को संबोधित करते अनिल धनखड़।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

- कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता को सौंपी जिम्मेदारी

आगामी 9 फरवरी को दादरी में होने वाली कांग्रेस पार्टी की जनआक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी, रैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है, ये बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल धनखड़ ने रैली को सफल बनाने के लिए अपने कार्यालय में कार्यकर्ता की जिम्मेदारी लगाते हुए कही। धनखड़ ने कहा कि पूरे हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी-जेजेपी जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। 36 बिरादरी के नागरिक प्रदेश सरकार की कार्य प्रणाली से बहुत दुखी एवं निराश हैं, इसलिए सरकार से छुटकारा पाने के लिए चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उ न्हों ने कहा कि प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हैं, पक्की सरकारी नौकरियों को रोजगार निगम और अग्निपथ योजना के जरिए कच्चा किया जा रहा है। पहले हर साल हरियाणा से लगभग साढ़े पांच हजार नौजवान फौजी भर्ती होते थे, लेकिन भाजपा ने अग्निपथ योजना लागू करके हमारे नौजवानों से देशसेवा का अवसर ही छीन लिया। अब अग्निपथ योजना में पूरे हरियाणा से बमुश्किल 914 अग्निवीर ही भर्ती हो पाए, जिसमें से 75 प्रतिशत 4 साल बाद घर वापस आ जाएंगे, यानी करीब 225 अग्निवीर ही पक्के होंगे। एचएसएससी और एचपीएससी द्वारा भर्तियों के नाम पर सिर्फ घोटाले किए जा रहे हैं। अब तक 30 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। हरियाणा की भर्तियों में 80 एसडीओ में से 78 बाहर के चयनित हुए। एसडीओ इलेक्ट्रिकल में 99 में से 77 बाहर के, असिस्टेंट प्रोफेसर टेक्निकल की लिस्ट में 156 में से 103 बाहर के चयनित हुए।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र छपार, विनोद फौगाट सरपंच, अमन असावरी, नीटू चरखी, राजेश सरपंच, कर्मबीर निमड़ी, नवीन शर्मा, बिल्लू निमड़ी, बसंत कौशिक, प्रदीप सैन, भूपेन्द्र कौशिक, मंगल अचीना, प्रदीप पांडवान, मनदीप घिकाड़ा, कपूर फतेहगढ़, जय सिंह लोहरवाड़ा, विनोद झींझर, पप्पू मिसरी, पवन छपार, मुन्ना नरसिंहवास, महावीर रामपुरा, प्रवीण तिवाला, संदीप हिंडोल आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### परीक्षा का समय प्रात साढ़े 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा

# छह केंद्रों पर विद्यार्थी देंगे बुनियाद लेवल-1 का पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

मिशन बुनियाद कार्यक्रम हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्रों के लिए 2022 में शुरू की गई अनोखी पहल है। इस कार्यक्रम में वर्तमान 9वीं और 10वीं में 5000 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों को विभाग द्वारा जिले में बनाए बुनियाद केंद्रों पर विकल्प फाउंडेशन की प्रशिक्षित टीम के द्वारा आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे सुपर 100 किशोर बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता आदि के लिए ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों के परिवहन, वर्दी, किताबें, फीस एवं स्टेशनरी की व्यवस्था भी विभाग के द्वारा की जाती है। मिशन बुनियाद 2024-26 बैच के जागरूकता अभियान के तौर पर ब्लॉक-स्तरीय सेमिनार आयोजित किया और सेमिनारों में पूरे हरियाणा से 2 लाख से भी ज्यादा बच्चे और अभिभावकों ने भाग लिया। मिशन बुनियाद के प्रथम स्तर की प्रवेश परीक्षा की तारीख 2 फरवरी है।

#### इन स्कूलों में होगी परीक्षा

डीईओ कृष्णा फौगाट ने बताया कि जिले में छह परीक्षा केंद्रों राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय चरखी दादरी, राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय बौंद कला, राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय बाढडा, राजकीय वमा विद्यालय कादमा, राजकीय वमा विद्यालय मिसरी व राजकीय वमा विद्यालय झोझूकलां में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारी को कहा गया कि प्रत्येक विद्यार्थी का एडमिट कार्ड डाउनलोड करवाना सुनिश्चित करें।

#### शिक्षा अधिकारी परीक्षा केंद्रों का करेंगे निरीक्षण

परीक्षा का समय प्रात साढ़े 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा। विद्यार्थी परीक्षा शुरू होने से 60 मिनट पहले यानी साढ़े 10 बजे स्थान ग्रहण करेंगे। विद्यार्थी एडमिट कार्ड व आधार कार्ड लेकर आएंगे। परीक्षा को सुचारु रूप से करवाने की जिम्मेदारी प्रत्येक खंड में संबंधित बीईओ की रहेगी। सभी बीईओ अपने खंड के परीक्षा केंद्रों का परीक्षा के दौरान निरीक्षण भी करेंगे। डीईओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं सभी परीक्षा केंद्रों वाले विद्यालय प्रमुखों को नकल रहित परीक्षा करवाने के निर्देश दिए।

#### तीन हजार को मिशन बुनियाद में मिलेगा दाखिला

बुनियाद कार्यक्रम के लिए जिले चरखी दादरी से 1818 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया हैं। प्रवेश परीक्षा के सिलेबस में कक्षा 6वीं, 7वीं व 8वीं के गणित के प्रश्न शामिल होंगे। पेपर में कुल 200 अंक होंगे, जिसमें 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न का मूल्य 4 अंक का होगा और हर गलत उत्तर पर एक नेगेटिव मार्किंग होंगी। पहले स्तर की परीक्षा में पूरे राज्य से से 20 हजार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा और द्वितीय स्तर की परीक्षा 29 फरवरी को होगी,जिसमें से 5 हजार बच्चों को तृतीय स्तर के लिए चयन किया जाएगा, जिसमें कुल 3 हजार विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद में दाखिला मिलेगा और उनकी कक्षाएं 15 अप्रैल से शुरू होंगी।

## खबर संक्षेप

### निबंध लेखन में केएम स्कूल की भाविका प्रथम

**भिवानी।** गत दिवस राष्ट्रीय निर्वाचन दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें केएम पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा भाविका सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाविका को 2000 रुपये नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में आरजू रही तृतीय

**लोहारू।** भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित जोनल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता की ऑन दी स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में लोहारू के राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा आरजू ने तीसरा स्थान हासिल करके जिलेभर में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है।

### मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप बनाता मजबूत : बीके

**चरखी दादरी।** नशा मुक्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन रामबाण औषधि है, मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप से सशक्त बना मनोबल को बढ़ाता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल प्रभाग एवं केंद्र सरकार के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र कादमा द्वारा मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान में हिंद हाई स्कूल कादमामें छात्रों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

### नेटबॉल में निर्मला ने जीता स्वर्ण पदक

**भिवानी।** हाल ही में मध्य प्रदेश के खरगौन जिले में हुई दूसरी फास्ट फाइव जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल की 11वीं की छात्रा निर्मला निक्की ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवांवित किया है।



# प्रदेश में दस की दस लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : कैप्टन अभिमन्यु

## स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जजपा राष्ट्रीयध्यक्ष डा. अजय चौटाला के गठबंधन को लठ की तरह मजबूत के बयान पर बोलते हुए पूर्व वित्त मंत्री अभिमन्यु ने कहा कि विधानसभा में बहुमत के लिए हमें उनके सहयोग की जरूरत है विधानसभा में बहुमत के लिए लठ गढा रहे तो अच्छी बात है। लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़े जाने के सवाल पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि अभी तो राजनस्थान में चुनाव हुए तो उन्होंने (जेजेपी) अपने सिंबल पर चुनाव लड़ा हमने अपने सिंबल पर लड़ा। पहले भी हमने दस की दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा है। इस बार भी दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु पुलिस थाना के सामने स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। पत्रकार वार्ता में चंडीगढ़ मेयर चुनाव में विपक्ष द्वारा भाजपा पर बेईमानी करने के लगाए जा रहे आरोप पर बोलते भाजपा नेता ने कहा कि जो हार को नहीं पचा पाते है ये उन लोगों की आदत होती है। जब-जब कांग्रेस इनके गठबंधन के लोग चुनाव हारते है तो कभी ईवीएम पर दोष निकालते है लेकिन अपने अंदर नहीं झांकते है। हिमाचाल, पंजाब में चुनाव जीते तो तब किसी तरह के आरोप नहीं लगाते तब सब चीज ठीक होती है। हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के लोगों का ही वोट रद्द हुआ था उसकी जबावदेही कांग्रेस के लोगों की थी तब भी पढ़े-लिखे लोग थे। ये लोकतंत्र की जीत है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जन संदेश यात्रा पर बोलते भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज कहा है न तो हरियाणा में आज पार्टी है न ही संगठन है। कांग्रेस पार्टी के पांच-पांच अध्यक्ष है। पार्टी के अनेकों परिवारों समूह है न पार्टी की कोई विचाधारा है न पार्टी का कॉडर दिखाई देता है। कोई पार्टी नहीं कोई संगठन नहीं कोई विचारधारा नहीं है।



**उचाना।** स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो :हरिभूमि

**इंडिया गठबंधन बिखरता जा रहा:** अरविंद केजरीवाल के केंद्र सरकार द्वारा पांच मांगे माने जाने पर राजनीति छोड़ने के बयान पर पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब में वादे कर सरकार बनाई है उस पर जबाव दे। बदलाव रैली कर जो बदलाव की बात अरविंद केजरीवाल कर रहे है बदलाव तो उनकी पार्टी में हो रहा है। चौ. निर्मल सिंह छोड़ कर चले गए अशोक तंवर आप को छोड़ कर चले गए। इस रैली के बाद आप में और भी ज्यादा बिखराव होगा। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा महागठबंधन में चुनाव लड़ने के बयान पर भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवत मान कह रहे है अकेले चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन बने कई महीने हो गए है। गठबंधन मजबूत होने की बजाए बिखरता जा रहा है। उनको (आप) स्पष्ट नहीं है कि दिल्ली में क्या करेंगे, पंजाब में क्या करेंगे हरियाणा में क्या करेंगे। ये सब मिलकर भी आए जाए तो ये एक और दो भी नहीं हो सकते बल्कि एक और एक मिलकर भी जीरो होंगे। जगदीप डूमरखा, हरदीप डूमरखा, पूर्व सरपंच राजेश कोथ, बलवान कापड़ो, नरेंद्र खापड़, सुनील नैन, वीरेंद्र प्रधान खांडा, सज्जन शर्मा, नवीन बैनीवाल, हरिकेश चहल बड़ौदा, सज्जन भौंगरा मौजूद रहे।

## विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब :सर्राफ

# चलो गांव अभियान के तहत विधायक ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को विधायक धनश्याम सर्राफ ने भाजपा के दोबारा गांव चलो अभियान का गांव राजगढ़ से श्री गणेश किया। इस दौरान लोगों ने गांव कुछ सार्वजनिक मांग रखी। जिनका विधायक सर्राफ ने अधिकारियों से बातचीत करके तत्काल प्रपोजल बनाने के निर्देश दिए। विधायक सर्राफ ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जो उनकी सार्वजनिक मांग है। उनको जल्द ही पास करवा कर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सार्वजनिक कायारे् के लिए धन की कमी नहीं है। बशर्ते जनता सार्वजनिक कार्य लेकर आए। उनके शीघ्र प्रस्ताव बनवा कर सीएम के पास भेजे जाएंगे। सीएम मनोहर लाल का भिवानी से विशेष लगाव है। वे भिवानी के विकास कायारे् पर तत्काल सहमति जता देते है। विधायक सर्राफ के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया।

यहां यह बताते चले कि भाजपा ने दोबारा गांव चलो अभियान शुरू किया है जो कि 14 फरवरी तक चलेगा। उसी क्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ ने आज यह अभियान गांव राजगढ़ से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी है। वे जनता को जिस कार्य का भरोसा दिलाते है वे उसको पूरा करते है। यही सीएम मनोहर लाल कर रहे है। वे जनता के समक्ष जिस भी योजना या कार्य की हामी भरते है। वे उसको तत्काल पूरा करवाते है।





**भिवानी।** लोगों की समस्याएं सुनते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो :हरिभूमि

### रखी गई मांग शतप्रतिशत होगी पूरी

गांव राजगढ़ पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक घनश्याम सर्राफ के समक्ष गांव के स्कूल की चारदिवारी का निर्माण करवाने, नए जलघर में अतिरिक्त टैंक बनवाए जाने, पीएचसी के सब सेंटर के भवन का निर्माण करवाने, गांव की फिरनी को पक्का करवाने तथा एक ई-लाईब्रेरी बनवाए जाने की मांग की। जिस पर विधायक सर्राफ ने पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से मोबाइल फोन पर बातचीत करके जल्द ही एस्टीमेट बनाकर उनके पास भेजने के निर्देश दिए। इनके अलावा अन्य मांगों का भी प्रस्ताव व एस्टीमेट बनवाकर सरकार के पास भिजवाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल स्वामी एवं समस्त ग्रामीण महामंत्री कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

*विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है। उस बजट से देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। नए बजट में विभिन्न कारोबारियों द्वारा जमा करवाया गया टैक्स रिफंड प्रोसेसिंग अवधि 93 दिन से घटाकर 10 दिन किया, इससे व्यापारी समय से अपना रिफंड हासिल कर सकेगा। भारतीय कारोबारियों को केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के मजबूत क्रियान्वयन की उम्मीद है। एमएसएमएस के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता देने का स्वागत करते हैं। स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट का दायरा बढ़ाना भी युवाओं को उद्योग लगाने की दिशा में एक अ छा कदम हैं। कुछ बहुत पुराने टैक्स मामलों को वापस लेंगे मामले वापस लेने से 1 करोड़ टैक्सपेयर्स को फायदा होगा।*

# भाषण में आरोही ने मारी बाजी

- कल्पना चावला के बलिदान दिवस पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन





**भिवानी।** विजेता छात्रा को पुरस्कृत करती स्कूल संचालिका सावित्री यादव, राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में कल्पना चावला का बलिदान दिवस मनाया। बलिदान दिवस पर विद्यार्थियों को कल्पना चावला के जीवन पर बताया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को देशभक्त बनने एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प दिलवाया। वहीं प्रश्नोत्तरी एवं कल्पना को जानो स्पीच असेंबली में करवाई, जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कल्पना चावला के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी में कनिष्ठ वर्ग से कक्षा तीसरी की आरोही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं कल्पना को जानो स्पीच में वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 8वीं की राखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संचालिका सावित्री यादव एवं कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि कल्पना चावला के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने देश और दुनिया को विजन दिया। हमें कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला न केवल दुनियाभर की महिलाओं के लिए बल्कि अंतरिक्ष यात्री बनने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए आदर्श हैं।

### शिविर में बाल श्रम व मजदूरी अधिनियम की जानकारी दी

**लोहारू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी व उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष व एसीजे सीनियर डिवीजन जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सुखदेव सिंह का बास गांव में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को बाल श्रम व मजदूरी अधिनियम की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता शेखावत ने मजदूरों को बाल श्रम निषेध अधिनियम के बारे में बताया गया। बच्चों को मजदूरी करने से रोकने के बारे में बताया व अधिकारों की जानकारी दी।

## श्रमिकों को डीएलएसए की मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी के मार्गदर्शन में नालसा द्वारा श्रम विभाग के सहयोग से थीम हक हमारा भी तो है के संबध में शहीद भगत सिंह चौक पर असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। अभियान में प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट नरेंद्र मोहन शर्मा ने हक हमारा भी तो है और नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 के संबंध विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के लिए जागरूकता अभियान का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना, सुविधाओं का लाभ प्रदान करवाने व उन्हें प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है, श्रमिकों को श्रम विभाग में उपयुक्त पंजीकरण करवाना आवश्यक है। किसी भी श्रमिक को बंधुआ मजदूरी व बाल श्रम के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

## चंदेनी में आग की भेंट चढ़ा किसान का मशरूम फार्म, लाखों का नुकसान



**बाढ़ड़ा।** गांव चंदेनी में किसान के मशरूम फार्म में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें पूरा फार्म आग की चपेट में आ गया। किसान ने आसपास के लोगों के सहयोग से अपने स्तर पर आग पर काबू पाया लेकिन तक तक काफी नुकसान हो चुका था। किसान के अनुसार आग लगने के कारण उसे लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान राज सांगवान ने सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजना के तहत करीब 6 माह पहले मशरूम फार्म लगाया था, जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई।

### इच्छुक ग्राम पंचायतें तीन तक प्रोफार्मा में भेजें डिमांड

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार खेल विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को खेल का सामान दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक ग्राम पंचायतें तीन फरवरी तक खेल विभाग को निर्धारित प्रपत्र में भरकर भीम खेल स्टेडियम कार्यालय में जमा करवाकर खेल का सामान प्राप्त कर सकती हैं। जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी भी कार्यदिवस को पंचायतें जिसके पास खेल की अनुसार उचित स्थान हो, वे तीन फरवरी तक खेल सामान के लिए आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से वॉलीवाल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, हैंडबॉल, कुश्ती, जूडो व क्रिकेट का सामान दिया जाएगा। खेल विभाग के अनुसार निर्धारित किए गए प्रोफोर्मा में भरकर भेजें।

# नियमित रूप से नहीं मिल रहा मानदेय

- एआईयूटीयूसी एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने मिशन डायरेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आशा कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य कमेटी का प्रतिनिधिमंडल यूनियन की राज्य महासचिव मधु देवी एव सचिव संतोष देवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय पंचकूला में मिशन डायरेक्टर डॉ. आदित्य दहिया से मिला और आशा कर्मियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने मिशन डायरेक्टर के कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया और प्रदेश की आशा कर्मियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर मांगों पर चर्चावार्ता की। इस मौके पर एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट व कर्मचारी नेता मास्टर सुबेसिंह भी मौजूद थे। कामरेड राजेन्द्र ने कहा कि आशा कार्यकर्ता पिछले छह महीने से नियमित मानदेय व प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से भारी आर्थिक संकट का सामना कर रही है। दिसम्बर-2023 में केवल एकमुश्त राशि 20000 रुपये जारी की गई थी, जो बहुत मामूली थी।



**भिवानी।** मिशन डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपती एआईयूटीयूसी एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### 26000 रुपये वेतन हो

आशा वर्कर्स को चिरायु योजना के लिए 1500 रुपए नहीं लेने, आशा कार्यकर्ता को टैब देने, ड्रेस के 800 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने, कोविड काल के 12,000 रुपये नहीं मिलने सहित अनेक मांगों को तुरंत प्रभाव से लागू करवाने की मांग की गई। यूनियन की राज्य सचिव सन्तोष यादव ने कहा कि मानदेय में बढ़ोतरी की जाए और मानदेय की जगह न्यूनतम वेतन प्रतिमाह 26000 रुपये लागू किया जाए।

### आकांक्षा का मॉडल राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ चयनित

**भिवानी।** गुरुग्राम में एससीईआरटी के सौजन्य से 29 व 30 जनवरी को दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल ने भाग लिया, जिसमें विद्यालय की तरफ से विज्ञान के नवाचार माध्यम पर आधारित तीन मॉडल प्रदर्शित किए। कृषि पर आधारित उपयुक्त मॉडल भी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। मॉडल ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। ये मॉडल विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा आकांक्षा ने प्रदर्शित किया, जिसके लिए उसे 4000 की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह इनाम स्वरुप मिला है। यह मॉडल राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चुना गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**प्रतियोगिता** | कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग

# पेंटिंग में केएम की पलक और कविता में हलवासिया स्कूल की रिया ने मारी बाजी

ब्लॉक स्तरीय स्कूली कानूनी शिक्षा जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में ब्लॉक स्तरीय स्कूली कानूनी शिक्षा जागरूकता के लिए कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी युद्धवीर सिंह, कार्यक्रम जिला कॉडिनेटर मनू कादियान, ब्लॉक नोडल आफिसर प्रवक्ता सोनिया, प्रवक्ता प्रवेश गौतम, मनोज शर्मा व लक्ष्मण गौड़ ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मानव अधिकार, दहेज प्रथा, बाल विवाह, रेगिंग, सूचना का अधिकार, बाल विवाह, पर्यावरण, शिक्षा का अधिकार, सड़क सुरक्षा अभियान, कन्या भ्रूणहत्या, घरेलू हिंसा बचाव जैसे विषयों को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें भिवानी ब्लॉक के प्राईवेट व सरकारी स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के 160 बच्चों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में एसआरएस स्कूल से हिमांशी प्रथम, केएम स्कूल से प्राची द्वितीय, जी लिट्रा स्कूल से नेंशी तृतीय, निबंध में पीएमश्री कन्या स्कूल भिवानी से खुशी प्रथम, मॉडल स्कूल भिवानी से हिमांशी द्वितीय, बीपीएस से अंजलीना तृतीय स्थान पर रही। डिबेट में आदर्श स्कूल से अर्पिता व दीपीका प्रथम, जी स्कूल से गीत व भूवी द्वितीय, कन्या स्कूल भिवानी से सोनिया व संगीता तृतीय स्थान पर रही। प्रवक्ता प्रवेश गौतम ने बताया कि सभी विजेताओं को अतिथिगणों ने प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।





**भिवानी।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### डॉक्यूमेंट्री में बीपीएस से गर्वित चावला प्रथम

कविता में हलवासिया स्कूल से रिया सिंह प्रथम, एसआरएस स्कूल से भूमिजा द्वितीय, पीएमश्री कन्या स्कूल भिवानी से नीशा, स्कीट में जी लिट्रा स्कूल प्रथम, आदर्श विद्या मंदिर द्वितीय व पीएमश्री कन्या स्कूल भिवानी तृतीय, पेंटिंग में केएम स्कूल से पलक प्रथम, एसआरएस से हर्षिता द्वितीय, वैश्य माडल से हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। डोकेमेंट्री में बीपीएस से गर्वित चावला प्रथम, वैश्य मॉडल स्कूल से दिव्यांशी कौशिक द्वितीय व पीएमश्री कन्या स्कूल से किरण तृतीय रही।

### भाषण प्रतियोगिता में एसआरएस स्कूल से हिमांशी रही प्रथम

